प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 29.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. छतीसगढ़ में आज मुठभेड़ के दौरान 16 नक्सलियों के मारे जाने पर केन्द्रीय गृह मंत्री ने सुरक्षा एजेंसियों को दी बधाई, अगले वर्ष 31 मार्च तक नक्सलवाद को खत्म करने का संकल्प दोहराया।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उद्योगपति गौतम अदाणी की मुलाकात पर भाजपा ने कसा तंज, झामुमो–कांग्रेस ने कहा– राज्य के औद्योगिक विकास की दिशा में सरकार की सार्थक पहल।।
3. राशन कार्ड ई–केवाईसी की तिथि 30 अप्रैल तक बढ़ायी गयी, केन्द्र सरकार ने झारखंड समेत सभी राज्यों को भेजा पत्र।
4. मौसम विभाग ने रांची समेत राज्यभर में कल से तापमान में गिरावट का जताया पूर्वानुमान, लोगों को गर्मी से मिल सकती है राहत।
5. बेंगलुरु में आयोजित पहली इंडियन ग्रां प्री एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गुमला की सुप्रीति कच्छप ने जीता रजत पदक।

********************

छत्तीसगढ़ के बस्तर डिविजन के सुकमा जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 16 नक्सली मारे गए। इस मुठभेड़ में जिला रिज़र्व गार्ड–डीआरजी के दो जवान घायल भी हुए हैं। नक्सल अभियान में इस सफलता के लिए केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सुरक्षाबलों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पित हैं। केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता, केवल शांति और विकास ही बदलाव ला सकता है।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उद्योगपति गौतम अदाणी की मुलाकात के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप–प्रत्यारोप शुरु हो गया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुलनाथ शाहदेव ने तंज कसते हुए कहा कि झामुमो और कांग्रेस का दोहरा चरित्र सामने आ गया है।

इधर, कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने इस मुलाकात को राज्य के औद्योगिक विकास की दिशा में सार्थक पहल बताया है।

झामुमो के प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा है कि राज्य में निवेश के लिए सबका स्वागत है। मुख्यमंत्री राज्य के औद्योगिक विकास को लेकर लगातार आगे बढ़ रहे हैं।

********************

भाजपा के वरिष्ठ नेता अमर बाउरी ने परिसीमन का विरोध करने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि अगर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन परिसीमन को संवैधानिक नहीं मानते हैंतो इसे चौलेंज करना चाहिए।

गौरतलब है कि विधानसभा के बजट सत्र के समापन भाषण में मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार पर परिसीमन के बहाने आदिवासी और दलित सीटों को घटाने की साजिश का आरोप लगाया था।

********************

केन्द्र सरकार ने राशन कार्ड ई–केवाईसी की तिथि 30 अप्रैल तक तक बढ़ा दी है। इस सिलसिले में झारखंड समेत देश के सभी राज्यों को पत्र प्रेषित किया गया है। पहले ई–केवाईसी की अंतिम तिथि 31 मार्च तय थी। 30 अप्रैल तक ई–केवाईसी न कराने वाले लाभार्थियों का नाम राशन कार्ड से हटा दिया जाएगा।

********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन–2025 का उद्घाटन किया। दो दिन के इस सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने किया है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने पर बल दिया।

********************

विधायक और पूर्व मंत्री बसंत सोरेन ने दुमका प्रखंड कार्यालय में जनता दरबार लगाया। जनता दरबार में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं। मौके पर श्री सोरेन ने कहा कि जिला प्रशासन को इस तरह का आयोजन प्रखंड स्तर पर कराना चाहिए, इससे जनता को अपनी बात सरकार तक पहुंचाने में मदद मिलती है।

श्री सोरेन ने दुमका के इनडोर स्टेडियम में दावत ए इफ्तार का भी आयोजन किया। इसमें समाज के सभी वर्ग के लोगों ने भाग लिया और सौहार्द, भाईचारे एवं एकता की मिसाल पेश की।

********************

जामताड़ा जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनजातीय संस्कृति, कला, भाषा, वेशभूषा, लोक नृत्य सहित अन्य आदिवासी परंपराओं को संरक्षित रखने का प्रयास किया जा रहा है ।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क पर मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

********************

मौसम विभाग ने राज्य में कल से तापमान में गिरावट का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इससे लगातार बढ़ रही गर्मी से लोगों को राहत मिल सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि कल से अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की कमी आ सकती है।

********************

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से बेंगलुरु में आयोजित पहली इंडियन ग्रां प्री एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गुमला की सुप्रीति कच्छप ने रजत पदक जीता। सुप्रीति ने पांच हजार मीटर दौड़ स्पर्द्धा में दूसरा स्थान हासिल किया।

********************